# ग्राम पंचायत किलोड़, विकास खंड सलूणी, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024

## भाग-एक

**1 प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों के फ़लस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम-1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप-सचिव पंचायती राज विभाग के संशोधन पत्र संख्या पीसीएच-एचसी(5)-सी(15)एलएडी/2006-12669 दिनांक-07-04-2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व हिमाचल प्रदेश, राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत किलोड़, विकास खंड सलूणी, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखों का अंकेक्षण कार्य विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**(ख) अंकेक्षण अवधि 01-04-2022 से 31-03-2024 तक के दौरान ग्राम पचांयत किलोड़ में निम्नलिखित**

**प्रधान**

| **क्रम. संख्या** | **पदाधिकारी का नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती मंजू वाला | 01-04-2022 से 31-03-2024 |

**सचिव**

| **क्रम. संख्या** | **सचिव का नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1. | श्री चमन लाल | 01-04-2022 से 31-03-2024 |

**(ग) गम्भीर अनियमितताओं का सार**

**ग्राम पंचायत किलोड़, विकास खंड सलूणी, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है। जोकि उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु विशेष रूप से लाई जाती है।**

| क्र० स० | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | पैरा संख्या | राशि लाखों में |
|---|---|---|---|
| 01. | बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष | 5.1 | 1.31 |
| 02. | विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की राशि का अवरोधन | 6.1 | 54.51 |
| 03. | वेंडरों/आपूर्तिकर्ताओं से W, X फॉर्म प्राप्त किये बिना ही खनन सामग्री का अनियमित क्रय/ भुगतान करने बारे। | 8.1 | ₹17.34 |
| 04. | ठेकेदारों/संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकारी राजकोष को वित्तीय हानि बारे। | 8.2 | ₹0.31 |
| 05. | आपूर्तिकर्ताओं से पत्थर/बजरी के क्रय हेतु भुगतान से पूर्व रिक्तियों (Voids) की कटौती न करने के कारण अधिक/अनियमित भुगतान बारे। | 8.3 | ₹1.80 |
| 06. | एप्पल फ्रूट प्लांट्स के क्रय में पाई गई विविध अनियमितातायें एवं अनुमोदित से अधिक दर से क्रय के कारण अधिक/अनुचित भुगतान | 9.1 | ₹8.28 |
| 07. | औपचारिकताओं को पूर्ण किये बिना स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय बारे। | 9.2 | ₹25.71 |
| 08 | बिना प्रॉपर/टैक्स बिलों के आपूर्तिकर्ताओं को अनियमित भुगतान बारे | 9.3 | ₹45.08 |
| 09 | मनरेगा अनुदान के तहत सामग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय बारे | 9.4 | ₹26.10 |

## भाग- दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षण :-

ग्राम पंचायत किलोड़, विकास खंड सलूणी, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखाओं का प्रथम व वर्तमान अंकेक्षण श्री पवन कुमार कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 27-01-2025 से 03-02-2025 तक ग्राम पंचायत किलोड़ के कार्यालय में किया गया। वर्तमान निधि लेखाओं की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए निम्न मासों का चयन किया गया। जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | आय चयनित माह | व्यय चयनित माह |
|---|---|---|---|
| 1. | 2022-2023 | 04/2022 | 05/2022 |
| 2. | 2023-2024 | 03/2024 | 11/2023 |

**अस्वीकरण:-** वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण ग्राम पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**3. अंकेक्षण शुल्क:-**

ग्राम पंचायत किलोड़, विकास खंड सलूणी, जिला चम्बा के अवधि 04/2022 से 03/2024 तक के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु शुल्क ₹5600/- आँका गया है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-09 को प्रेषित करने हेतु पंचायत सचिव से अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/13 दिनांक 03-02-2025 द्वारा अनुरोध किया गया।

**4. वित्तीय स्थिति:-**

ग्राम पंचायत किलोड़ द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार थी :-

**4.1 (अ) स्व:-स्त्रोत व अनुदान** ग्राम पंचायत किलोड़ के अवधि 04/2022 से 03/2024 तक स्व-स्त्रोतों व अनुदान की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से है। जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट-1 व 2** में भी दिया गया है।

**1. स्व-स्त्रोत**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | कुल प्राप्ति | कुल योग | कुल व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 286769.00 | 63597.00 | 350366.00 | 30710.00 | 319656.00 |
| 2023-24 | 319656.00 | 218458.00 | 538114.00 | 286534.00 | 251580.00 |

**2. अनुदान**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | कुल प्राप्ति | कुल योग | कुल व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 5547365.00 | 8718490.11 | 14265855.11 | 10180910.11 | 4084945.0 |
| 2023-24 | 4084945.00 | 14907801.00 | 18992746.00 | 13541948.00 | 5450798.0 |

कुल योग (1+2) **₹251580.00 + ₹5450798.00 = ₹5702378.00**

**(ब) ग्राम पचांयत किलोड़, का दिनांक 31/03/2024 को बैंक खातों में अन्तशेष विवरण।**

| क्र० स० | अनुदान का नाम | खाता संख्या | बैंक का नाम | राशि 31-03-2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 15TH FC | 99331700016525 | HPGB KIHAR | **2420955.00** |
| 2. | RGSA | 18910115064 | HPSCB SALOONI | **0.00** |
| 3. | Own Source, 5th SFC, SDP VKVNY,VMJS,MPLAD etc. | 18910103737 | HPSCB SALOONI | **3150528.92** |
| | | | **CASH IN HAND** | **0.00** |
| | | | **TOTAL** | **5571483.92** |

**अन्तर (अ-ब) ₹5702378.00 - ₹5571483.92 = ₹130894.08**

4.2 वित्तीय वर्ष 2023-2024 के 15वें वित्तायोग का अंकेक्षण तथा इससे सम्बन्धित पैरों का प्रारूपण अंकेक्षण ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड कर दिया गया है।

**5.1 बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹1.31 लाख का अन्तर :-**

अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत किलोड़, द्वारा हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **15(10)(ख)** की अनुपालना में मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी। जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अंत में दिनांक 31-03-2024 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹130894.08 का अन्तर बैंक पासबुक में कम शेष के रूप में पाया गया। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा संख्या 4.1 में दिया गया है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-07 दिनांक 31-01-2025 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, भविष्य में बैंक समाधान विवरणी मासिक आधार पर तैयार की जाएगी एवं वर्तमान अंतर का मिलान करके लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा। अत: भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा वर्तमान में अन्तर का अति शीघ्र मिलान भी किया जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**6.1 विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की राशि ₹54.51 लाख का अवरोधन :-**

पंचायत द्वारा **परिशिष्ट 1 व 2** पर अनुदानों से सम्बधित उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31-03-2024 तक अनुदान से प्राप्त अनुदान राशियों में से ₹5450798 की राशि (रोकड़वही के अनुसार) उपयोग हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था। जबकि पंचायत द्वारा अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा।

उक्त राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-07 दिनांक 31-01-2025 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त स्पष्ट किया कि, भविष्य में प्राप्त अनुदान को समय पर खर्च किया जायेगा। अत: अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु सक्षम

अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**7.1 पंचायत राजस्व, गृहकर की बकाया राशि ₹0.80 लाख की वसूली न करने बारे :-**

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 33 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव का दायित्व है कि, समस्त राजस्व को नियमित व अबिलम्ब रूप से वसूलने व सम्बधित ग्राम पंचायत के खातों में समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 114 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी कर, शुल्क, दर राशि का भुगतान नहीं करता तो वह जुर्माने के साथ दण्ड का भागीदार होगा।

ग्राम पंचायत किलोड़ के अंकेक्षण में पाया गया कि, पंचायत सचिव द्वारा सम्पति कर (गृहकर) रजिस्टर को संधारित नहीं किया गया था। जिस कारण सम्पति कर की वार्षिक मांग व गत वकाया बारे पुष्टि नहीं हो सकी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा धारा 114 के अनुरूप गृहकर का समय पर भुगतान न करने के लिए चुककर्ताओं पर दण्ड लगाने हेतु भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। पंचायत द्वारा पंजीकृत परिवारों के आधार पर उपलब्ध करवाए गए अभिलेखानुसार निम्न राशि ₹80150 वसूली हेतु शेष थी।

| वित्तीय-वर्ष | गत शेष | कुल परिवार | दर | वर्ष के दौरान मांग | कुल मांग | कुल प्राप्त राशि | वकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 66150 | 350 | 20 | 7000 | 73150 | Nil | 73150 |
| 2023-24 | 73150 | 350 | 20 | 7000 | 80150 | Nil | 80150 |

इस सम्बध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-12 दिनांक 03-02-2025 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि, पंचायत राजस्व की वसूली समय पर की जाएगी। उत्तर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि हो सकती है। अतः सम्पति/गृहकर की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष में जमा न करना:-**

हिमाचल प्रदेश विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 की धारा 22 एवं हि०प्र० सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की अधिसूचना संख्या WLF-A(3)-1/97, दिनांक 17-12-2004 व SJE-A-A(3)-1/2015 दिनांक 04-10-2016 एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र संख्या PCH-HA(1)8/2013-Marrige-8107-10 दिनांक 28-10-2016 के अनुसार विवाह पंजीकरण के शुल्क की वसूली करने उपरान्त वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष के प्राप्ति शीर्षक खाता संख्या "0235-00-800-03" में विवाह रजिस्ट्रार द्वारा जमा की जानी अपेक्षित है।

अभिलेखों के अंकेक्षण में पाया गया कि, उक्त पंचायत सचिव द्वारा निम्न विवरणानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के तौर पर वसूली गई राशि ₹1950/- को सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाया गया था अपितु इसे पंचायत के बैंक खाते में रखा गया था जोकि उक्त नियमानुसार अनुचित है।

| वित्तीय वर्ष | कुल पंजीकृत विवाह | APL Rate | | राशि | BPL Rate | | राशि | कुल राशि सामान्य व BPL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Without LateFee | With LateFee | | Without Late Fee | With LateFee | | |
| 2022-23 | 12 | 04@200 | - | 800 | 08@25 | - | 200 | 1000 |
| 2023-24 | 10 | 04@200 | - | 800 | 06@25 | - | 150 | 950 |
| **कुल योग** | **22** | **08@200** | **-** | **1600** | **14@25** | **-** | **350** | **1950** |

इस सम्बन्ध में जारी अधियाचना संख्या-12 दिनांक 03-02-2025 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा बताया कि, विवाह पंजीकरण शुल्क को पंचायत के बैंक खाते में रखा गया है इसे शीघ्र ही सरकारी राजकोष में जमा करवा दिया जायेगा। अत: उपरोक्त राशि ₹1950 की वसूली उपरान्त सरकारी राजकोष में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा गत वर्षों में इस प्रकार से सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाई गई राशि को भी जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये। भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न की जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**8.1 आपूर्तिकर्ताओं/वेडरों से W, X फॉर्म प्राप्त किये बिना ही राशि ₹17.34 लाख की खनन सामग्री का अनियमित क्रय/भुगतान करने बारे :-**

हि० प्र० माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार किसी कांट्रेक्टर/वेंडर द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर फॉर्म W या X प्रस्तुत करना अनिवार्य था अन्यथा आपूर्तिकर्ता से रॉयल्टी की वसूली 25 % पेनल्टी के साथ की जानी प्रावधित की गया थी। परन्तु निदेशक पंचायती राज व ग्रामीण विकास के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 20-11-2023 के अनुसार माननीय हाई कोर्ट हिमाचल प्रदेश के आदेश CWP No. 868 of 2023 की अनुपालना में किसी कांट्रेक्टर से खनन सामग्री की आपूर्ति/क्रय पर वैध ट्रांजिट पास (फॉर्म-W) या सप्लीमेंट्री ट्रांजिट पास (फॉर्म-X) उपलब्ध करवाने उपरान्त ही भुगतान किया जाना अनिवार्य था।

परन्तु ग्राम पंचायत किलोड़ के चयनित माहों के अंकेक्षण एवं पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर पाया गया कि, पंचायत द्वारा वेंडरों/ठेकेदारों से राशि ₹1734488 (संलग्न **परिशिष्ट "4"** के अनुसार) की खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी व पत्थर इत्यादि की आपूर्ति बिना W,X-फॉर्म प्राप्त किये ही ली गई जिसके परिणामस्वरूप उक्त राशि का अनियमित भुगतान किया गया जोकि उक्त आदेशों/नियमों की पूर्णत: अवहेलना है।

इस गम्भीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 05 दिनांक 31-01-2025 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, किसी भी आपूर्तिकर्ता के पास W, X फॉर्म उपलब्ध न होने के कारण पंचायत द्वारा भुगतान किया गया लेकिन इस सम्बन्ध में शीघ्र ही नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवा दिया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है।

अभिलेखों के अवलोकन व प्रस्तुत उत्तर से ऐसा प्रतीत होता है कि, ग्राम पंचायत में निष्पादित कार्यों हेतु क्रय खनन सामग्री के आपूर्ति स्त्रोत की वैधता सुनिश्चित किये बिना ही भुगतान किया गया। जोकि उक्त आदेशों व नियमों के प्रतिकूल है। चूँकि बिना W, X फॉर्म के क्रय से यह भी सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि वेंडर, जिससे क्रय किया गया वह खनन सामग्री के विक्रय हेतु अधिकृत था अथवा नहीं जिससे अवैध खनन के साथ-साथ खनन सामग्री

पर सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व GST, रॉयलटी की वित्तीय हानि की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है। यह एक गम्भीर अनियमितता है जो उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष रूप से लाई जाती है। अत: उक्त अनिमितता को समर्थित अभिलेखों सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत कार्रवाई/अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**8.2 संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकार को राशि ₹0.31 लाख की वित्तीय हानि बारे :-**

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194 (C,I) एवं GST वस्तु व सेवा कर अधिनियम 2017 के अनुसार आहरण व संवितरण अधिकारी द्वारा भुगतान करने से पूर्व TDS की कटौती करना एवं उसे सरकारी कोष में समयबन्ध तिथि को जमा करवाना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत किलोड़ के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान संलगन **परिशिष्ट "5"** के अनुसार राशि ₹1547409/- का भुगतान किया गया। परन्तु उक्त भुगतान करते समय स्त्रोत पर कर कटौती (TDS) नहीं की गई थी। जिससे आयकर अधिनियम के उपरोक्त प्रावधानों की अवहेलना हुई जिसके फलस्वरूप सरकारी राजस्व के तौर पर राशि ₹30948/- (2%) की वित्तीय हानि आहरण व संवितरण अधिकारी के कारण हुई है।

इस अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-06 दिनांक 31-01-2025 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, टी.डी.एस.के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के अभाव में इसकी कटौती नहीं की गई परन्तु इस सम्बन्ध में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उत्तर संतोषजनक नहीं है।

अत: आहरण व संवितरण अधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण में टी.डी.एस की कटौती किये बिना किये गये भुगतानों को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा आयकर अधिनियमों के तहत आहरण व संवितरण अधिकारी से उक्त राशि की वसूली ब्याज सहित करके तुरंत सरकारी राजकोष में जमा करवाया जाये इसके अतिरिक्त इस प्रकार के अन्य मामलों में अपने स्तर

पर गणना करके राशि को जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये।

**8.3 आपूर्तिकर्ताओं से पत्थर के क्रय हेतु भुगतान से पूर्व रिक्तियों (Voids) की कटौती न करने के कारण राशि ₹1.80 लाख का अधिक/अनियमित भुगतान बारे :-**

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग (HPPWD) के नियम, सामग्री का परिवहन के अंतर्गत क्रम 2.1.2.13 में पत्थरों (Stone/Blouders) व Aggrigate की आपूर्ति में रिक्तियों (Voids) की क्रमशः 12.5% व 5% की दर से कटौती किया जाना अपेक्षित है। ग्राम पंचायत किलोड़ के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा संलग्न परिशिष्ट "6" के अनुसार राशि ₹1460259 के पत्थरों व बजरी का क्रय किया गया परन्तु आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान से पूर्व नियमानुसार अपेक्षित Voids की कटौती नहीं की गई थी जिसके परिणाम स्वरूप राशि ₹180469 का अधिक/अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

इस गम्भीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 10 दिनांक 31-01-2025 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, जानकारी न होने के अभाव में पत्थर/बजरी के बिलों में Voids की कटौती किये बिना ही भुगतान किया गया इस सम्बन्ध में शीघ्र ही अपेक्षित अमल में लाई जायेगी। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं है।

उक्त तथ्यों व प्रस्तुत उत्तर से ऐसा प्रतीत होता है कि ग्राम पंचायत द्वारा न केवल उक्त बिलों बल्कि समस्त बिलों में बिना Voids कटौती के भुगतान किया गया जोकि न केवल उक्त नियम की स्पष्ट अवहेलना हैं अपितु इससे आपूर्तिकर्ता को अधिक भुगतान भी किया गया। अत: उक्त अनियमिता को समर्थित अभिलेखों व ठोस तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा अपेक्षित कटौती न करने के कारण हुई वित्तीय हानि की प्रतिपूर्ति करके कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**8.4 ग्राम पंचायत स्तर पर निष्पादित निर्माण कार्यों से सम्बंधित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन, मापन पुस्तिका इत्यादि प्रस्तुत न करना :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम 94, 95 व 101 के अनुसार किसी भी

विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक ,तकनीकी स्वीकृति, मापन पुस्तिका व प्राक्कलन तैयार किये बिना नहीं किया जा सकता है।

ग्राम पंचायत की चयनित माहों की लेखा परीक्षा के दौरान संल्गन परिशिष्ट "10" के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा निष्पादित कार्यों के प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश, प्राक्कलन, मापन पुस्तिका, FRC व प्रपत्र-34 इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए। जिसके अभाव में किये गए कार्यों व उसमें प्रयुक्त सामग्री/लेबर के व्यय, खपत, सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-09 दिनांक 31-01-2025 के प्रत्युत्तर में कहा कि, उक्त समस्त अभिलेख कनिष्ठ अभियंता व तकनीकी सहायक के पास पड़े हैं। अंकेक्षण बारे उनें सूचित कर दिया गया था परन्तु न तो उन्होने अभिलेख पंचायत को प्रेषित किये और न ही वे स्वयं उपस्थित हुए जिससे उक्त वांछित अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया जा सके। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं है चूँकि उक्त कर्मचारियों द्वारा करवाये गए कार्यों के अभिलेखों का पंचायत में उपलब्ध न करवाना आपत्तिजनक है। अत: उक्त वांछित अभिलेखों को उपलब्ध न करवाने का औचित्य स्पष्ट करते हुए न्यायोचित ठहराया जाये तथा मामले में अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.1 एप्पल/फ्रूट प्लान्ट्स की अनुमोदित से अधिक दर पर क्रय के कारण राशि ₹8.28 लाख का अधिक भुगतान तथा क्रय में अन्य विविध अनियमितताओं बारे :-**

हिमाचल प्रदेश सरकार के बागवानी निदेशालय के कार्यालय आदेश संख्या HDP-NMS (Sale Rate-57)/2021 Vol-II दिनांक 22-11-2022 के द्वारा हि० प्र० नर्सरी पंजीकरण अधिनियम 2015 के अंतर्गत पंजीकृत फ्रूट नर्सरियों को विंटर सीजन 2022-23 के लिये विभिन्न फ्रूट प्लांट्स की विक्रय दर अनुमोदित की गई थी।

ग्राम पंचायत किलोड़ के व्यय हेतु चयनित माह 11/2023 के व्यय वाउचरों के अवलोकन में पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा फ्रूट प्लांट्स के क्रय में निम्न वर्णित वित्तीय व अन्य विविध अनियमितताएं की गई जोकि न केवल उक्त सरकारी आदेशों की अवहेलना है अपितु आपूर्तिकर्ताओं को अधिक/अनुचित भुगतान भी किया गया प्रतीत होता है।

1. ग्राम पंचायत द्वारा क्रय एप्पल फ्रूट प्लांट्स हेतु उक्त सरकारी आदेशानुसार निर्धारित अधिकतम दर ₹150 प्रति प्लांट्स अनुमोदित की गई थी परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ताओं को अनुमोदित से अधिक दर से भुगतान किया गया जिससे कि, संलग्न परिशिष्ट "09" के अनुसार राशि ₹828444 का अधिक भुगतान केवल चयनित माह में किया गया जोकि अनुचित व संदिग्ध है।

2. उक्त आपूर्तिकर्ताओं के बिलों के अवलोकन में पाया गया कि, यह प्रॉपर/टैक्स बिल न होकर मात्र कैश मैमों व परफॉर्मा बिल ही थे जिन पर दावा व भुगतान किया गया था। इन बिलों पर तिथि अंकित न होना, कटिंग/ओवरराइटिंग होना तथा अधिकतर बिलों पर फ्रूट प्लांट्स की किस्म, नाम व वैरायटी न दर्शाया जाने से उक्त नियमानुसार वर्णित किस्म व वैरायटी अनुसार निर्धारित दर भी सुनिश्चित नहीं की जा सकी। (Key Documents Raugh Sheets P-47-50)

3. ग्राम पंचायत द्वारा चयनित माह के दौरान क्रय तीन निजी नर्सरियों a.मै० सुमित्रा देवी b. मै० वर्मा ग्रीन वेली c. मै० राकेश कुमार नर्सरी से किया गया था जिनमें से केवल **c. मै० राकेश कुमार नर्सरी** ही उक्त अधिनियम के तहत जारी सूची में थी जबकि उक्त a व b दोनों नर्सरियां सरकार द्वारा जारी सूची में नहीं थी।

इस गम्भीर अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अधियाचना संख्या-10 दिनांक 31-01-2025 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, ग्राम पंचायत द्वारा केवल एप्पल प्लांट्स ही क्रय किया गया है तथा इनसे सम्बन्धित अनियमितताओं की ग्राम पंचायत स्तर पर छानबीन करके कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवा दिया जायेगा। उत्तर सन्तोषजनक नहीं है।

उक्त तथ्यों व प्रस्तुत उत्तर से ऐसा प्रतीत होता है कि ग्राम पंचायत द्वारा समस्त फ्रूट प्लांट्स क्रय हेतु सरकार द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना नहीं की गई जिससे कि न केवल आपूर्तिकर्ताओं को अनुचित/अधिक भुगतान किया गया अपितु फ्रूट प्लांट्स कार्यों की माप पुस्तिका व अन्य अभिलेखों को प्रस्तुत न करने से यह भी सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि उक्त कार्यों का निष्पादन बागवानी विभाग द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना की गई है अथवा नहीं ? अत: उक्त अनियमितता को तथ्यों व समर्थित अभिलेखों सहित न्यायोचित ठहराया

जाये अन्यथा अधिक भुगतान उक्त राशि की प्रतिपूर्ति नियम 76 के तहत करके शीघ्र ही खाते में जमा करवाई जाये तथा चयनित माह के अतिरिक्त शेष अवधि में हुए ऐसे लेन देनों की विभागीय स्तर पर जाँच उपरान्त अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये।

**9.2 विहित औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही राशि ₹25.71 लाख के स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय करने बारे :-**

हि०प्र० पंचायती राज ((वित्त,बजट,लेखे,सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 67(4) 67(3)(b) तथा 67(5)(a)(b) के प्रावधानों के अनुसार स्टॉक/स्टोर का क्रय हेतु विहित औपचारिकतायें यथा कुटेशन/टेंडर आमंत्रित करना, उप-समिति का गठन किया जाना अपेक्षित है।

परन्तु ग्राम पंचायत के व्यय चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "3"** के अनुसार राशि ₹2570539/- के स्टॉक/स्टोर का क्रय उक्त विहित औपचारिकताओं को पूर्ण किये बिना ही किया गया। जोकि उक्त नियमानुसार न होने के दृष्टिगत उचित प्रतीत नहीं होता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-08 दिनांक 31-01-2025 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि, वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 हेतु एक बार अखवार में निविदायें आमंत्रित की गई थी परन्तु किसी भी फर्म से कोई भी कुटेशन प्राप्त न होने के चलते ग्राम पंचायत द्वारा क्रय बिना कुटेशन/टेंडर के किया गया।

प्रस्तुत अभिलेखों व दिये गए उत्तर से ऐसा प्रतीत होता है कि ग्राम पंचायत द्वारा न केवल चयनित माहों बल्कि दोनों वर्षों में समस्त स्टोर/स्टॉक का क्रय विहित औपचारिकताओं को पूर्ण किये बिना ही किया गया। जोकि न केवल वित्तीय नियमों की अनदेखी है अपितु बाजारी प्रतिस्पर्धा का लाभ न मिलने के कारण सरकारी धन का भी सम्भावित अपव्यय हुआ है। अत: उक्त अनियमितता को तथ्यों व समर्थित अभिलेखों सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

## 9.3 बिना प्रॉपर/टैक्स बिलों के राशि ₹45.07 लाख के स्टोर/स्टॉक का अनियमित क्रय व भुगतान करने बारे।

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 46(2) के अनुसार वाउचर का पूर्ण व विश्वसनीय साक्ष्य होना व नियम 47 तहत सभी दावे बिलों पर तथा नियम 48 के अनुसार सभी बिल रजिस्टर में प्रविष्टि उपरान्त अदायगी हेतु पारित किये जाने का प्रावधान है।

ग्राम पंचायत किलोड़ के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "7"** के अनुसार राशि ₹4507940 का भुगतान विभिन्न सामग्रियों के क्रय की एवज में किया गया परन्तु बिलों के अवलोकन में पाया गया यह बिल प्रॉपर/टैक्स बिल न होकर केवल कैश मैमों, परफोर्मा बिल व सादे कागज हैं। इसके अतिरिक्त उक्त वेंडरों की GST पंजीकरण प्रतिलिपि भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई जिससे कि यह भी सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि उक्त विक्रेता GST धारक है या नहीं ? जिससे कि, इनकी सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-04 दिनांक 31-01-2025 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त बताया कि, जानकारी न होने के अभाव में आपूर्तिकर्ताओं को कैश मैमों, परफोर्मा बिलों, सादे कागज पर रसीद सहित इत्यादि पर ही भुगतान किया गया है। मनरेगा के तहत जिन आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान किया गया वे स्थानीय ग्राम पंचायत के हैं तथा GST पंजीकृत नहीं हैं इने सादे कागज पर ही भुगतान किया गया। भविष्य में केवल GST पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से ही स्टोर/स्टॉक का क्रय किये जायेगा तथा टैक्स बिलों पर ही भुगतान किया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं हैं।

प्रस्तुत उत्तर व बिलों के अवलोकन से ऐसा प्रतीत होता है कि ग्राम पंचायत द्वारा अधिकतर भुगतान कैश मैमों, परफोर्मा बिलों व सादे कागज़ पर ही किये गये हैं। टैक्स बिलों व मनरेगा के तहत GST धारकों से क्रय न करने की कारण क्रय सामग्री पर सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व GST इत्यादि की वित्तीय हानि की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता अत: इस सम्बन्ध में अपना पक्ष ठोस तथ्यों व अभिलेखों सहित यथाशीघ्र प्रस्तुत करते हुए

उक्त किये गए व्यय को न्यायोचित ठहराया जाये तथा इसे अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ शीघ्र ही प्रेषित किया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.4 मनरेगा अनुदान के अंतर्गत सामग्री पर तय अनुपात से राशि ₹26.10 लाख का अधिक/अनियमित व्यय करने बारे :-**

मनरेगा परिचालन दिशा-निर्देश 2013 (MNREGA Operatinal Guidlines 2013) **नियम 7.4** के अंतर्गत पंचायत स्तर पर मजदूरी व सामग्री को तय अनुपात में खर्च किये जाने के नियम प्रावधित हैं। जिसके अंतर्गत मजदूरी लागत का भौतिक लागत से अनुपात अधिनियम में निर्धारित 60:40 (मजदूरी व सामग्री) के न्यूनतम मापदंड से कम नहीं होना चाहिए।

अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा निम्नविवरणनुसार सामग्री पर तय अनुपात से राशि ₹2610267 (29.66%) का अधिक व्यय किया गया। चूँकि सामग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय से रोजगार का कम सृजन हुआ परिणामस्वरूप ग्राम वासियों को कम कार्य दिवस मिले। जोकि न केवल उक्त दिशा-निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना है अपितु मनरेगा योजना के मौलिक उदेश्य "ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने" को भी हतोत्साहित करता है।

| **क्रम.** | **वित्तीय वर्ष** | **कुल व्यय (लाखों में)** | **मजदूरी पर व्यय(लाखोंमें)** | **मजदूरी पर व्यय प्रतिशतता** | **सामान पर व्यय(लाखों में)** | **सामान पर व्ययप्रतिशतता** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2022-23 | 64.94 | 29.81 | 45.91% | 35.13 | 54.09% |
| 2. | 2023-24 | 108.86 | 48.36 | 44.43% | 60.50 | 55.57% |
| | **सामाग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय** | | | | **+2610267** | **+29.66%** |

इस सन्दर्भ में जारी अधियाचना संख्या-11 दिनांक 31-01-2025 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव ने बताया कि, मनरेगा अनुदान के तहत सामग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय की सक्षम अधिकारी से स्वीकृति ले ली जायेगी। अत: उक्त अनियमितता को ठोस तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.5 संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही राशि ₹45.07 लाख का अनियमित भुगतान करने बारे:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम **49(1)** के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान हेतु ग्राम पंचायत प्रधान व सचिव दोनों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित किया जाना जरुरी है।

ग्राम पंचायत के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत प्रधान द्वारा एकल हस्ताक्षर से ही (संलग्न **परिशिष्ट "8")** राशि ₹4507940/- भुगतान किये गए थे जोकि न केवल उक्त नियमों की स्पष्ट अवहेलना है अपितु यह संदिग्ध भी प्रतीत होता है जिसके अंतर्गत राशि के दुर्विनियोजन की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है एवं न ही किये गए भुगतानों की सत्यता व प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं की जा सकी।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-10 दिनांक 31-01-2025 के प्रत्युत्तर में सचिव ने कहा कि, भविष्य में नियमानुसार संयुक्त हस्ताक्षर उपरान्त ही बिलों का भुगतान किया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है। अत: नियमविरुद्ध किये गए भुगतानों को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**9.6 मनरेगा मटेरियल व वर्क रजिस्टर के संधारण में पाई गई विविध अनियमिततायें एवं मनरेगा रोकड़ बही को प्रस्तुत न करने बारे :-**

ग्राम पंचायत के मनरेगा ऑनलाइन मटेरियल रजिस्टर के अवलोकन में पाया गया कि, पंचायत द्वारा मनरेगा अनुदान के तहत वित्तीय वर्षो 2022-2023 एवं 2023-2024 के दौरान क्रय स्टोर/स्टॉक को ऑनलाइन रजिस्टर में तकनीकी सहायक द्वारा न तो सत्यापित किया गया था और न ही इसके अथशेष, अन्तशेष तथा स्टॉक रजिस्टर प्रविष्टि का विवरण भरा गया है इसके अतिरिक्त मनरेगा ऑनलाइन वर्क रजिस्टर के अवलोकन में पाया गया कि, इसमें कार्य पूर्ण होने की वास्तविक तिथि को नहीं भरा जा रहा है जोकि न केवल नियमानुसार अनुचित है अपितु इसके अभाव में स्टोर/स्टॉक के दुर्विनियोजन व कार्य में किसी प्रकार के अनिधिकृत समायोजन प्रविष्टि की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-11 दिनांक 31-01-2025 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा सूचित किया कि, मनरेगा अनुदान मटेरियल व वर्क रजिस्टर को भविष्य में पूर्ण रूप से भरा जायेगा । उत्तर संतोषजनक नहीं है । अत: नियमविरुद्ध अपनाई गई इस कार्यप्रणाली को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये तदानुसार कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**9.7 मनरेगा के अंतर्गत किये भुगतानों के Fund Transfer Orders को प्रस्तुत न करना :-**

ग्राम पंचायत के चयनित माहों के अंकेक्षण में मनरेगा के अंतर्गत किये गए भुगतान के FTOs (fund transfer orders) को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे कि यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि जो बिल पंचायत द्वारा अंकेक्षण में प्रस्तुत किये गए हैं वास्तव में उन्ही को भुगतान किया गया है।

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 11 दिनांक 31-01-2025 को सचिव को उक्त FTOs को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने हेतु आग्रह किया, जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा बताया कि मनरेगा भुगतानों के FTOs पंचायत में उपलब्ध नहीं है इस कारण यह अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये जा सकते। उत्तर संतोषजनक नहीं है अत: FTOs का पंचायत में न पाया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। अत: उक्त अनियमितता को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**10.1 पंचायत के वार्षिक लेखा खातों, आय-व्यय विवरणों एवं बैलेंस शीट इत्यादि को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे :-**

ग्राम पंचायत किलोड़ के चयनित माहों के अंकेक्षण में पंचायत द्वारा संधारित किये जाने वाले आवश्यक अभिलेखों यथा वार्षिक प्राप्ति एवं भुगतान खाता, ट्रायल बैलेंस, आय एवं व्यय विवरण, बैलेंस शीट,बैंक बेलेंस सर्टिफिकेट एवं अन्य वित्तीय विवरणों को प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे कि, पंचायत के उक्त लेखा खातों/अभिलेखों का अंकेक्षण के दौरान सत्यापन व प्रमाणीकरण नहीं किया जा सका।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-07 दिनांक 31-01-2025 द्वारा पंचायत सचिव से उक्त वित्तीय विवरणों को लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करने के सम्बन्ध में अपना पक्ष रखने को कहा

गया जिसके जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा बताया गया कि, उक्त समस्त अभिलेख/वित्तीय विवरण पंचायत में उपलब्ध नहीं है जिस कारण यह अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया जा सके। उत्तर संतोषजनक नहीं है।

अत: उक्त अभिलेखों/वित्तीय विवरणों का संधारण न करना अथवा उनका पंचायत रिकॉर्ड में उपलब्ध न होना न केवल नियमानुसार अनुचित है अपितु यह आपत्तिजनक भी है। इस सम्बन्ध में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**10.2 ग्राम पंचायत द्वारा महत्वपूर्ण रजिस्टरों अभिलेखों का रख-रखाव/संधारण न करना:-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के **नियम 29 से 31** व हिमाचल प्रदेश पंचायती राज सामान्य नियम के **नियम 34** के अन्तर्गत पंचायत द्वारा विभिन्न रजिस्टरों/अभिलेखों का अनुरक्षण किया जाना अनिवार्य था।

ग्राम पंचायत के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा निम्न रजिस्टरों/अभिलेखों को अंकेक्षण दौरान सत्यापन हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 03 दिनांक 27-01-2025 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा स्पष्ट किया कि, निम्न तालिका अनुसार कुछ रजिस्टरों/अभिलेखों का संधारण नहीं किया जा रहा है तथा कुछ का अपूर्ण है।

| क्र० | रजिस्टरअभिलेख/ | फॉर्म संख्या | संदर्भित नियम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बजट प्राक्कलन | 11 | 37 | अपूर्ण |
| 2. | अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर | 09 | 30 | संधारित नहीं |
| 3. | मासिक बैंक समाधान विवरणी | ---- | (1)15 | संधारित नहीं |
| 4. | अनुदान रजिस्टर | 21 | (1)61 | संधारित नहीं |
| 5. | वर्गीकृत सार | 08 | (4)29 | संधारित नहीं |
| 6. | निर्माण कार्य रजिस्टर | -------- | 103 | संधारित नहीं |
| 7. | तकनीकी जाँच पड़ताल व मंजूरी आकलन | 31 | (1)95 | संधारित नहीं |
| 8. | स्थाई एवं अस्थाई भण्डार रजिस्टर | 26 व 25 | AB (1) 72 | अपूर्ण |
| 9. | बही खाता (Ledger) | 07 | (4 से 1) 29 | अपूर्ण |
| 10. | बिल रजिस्टर | 13 | 48 | संधारित नहीं |
| 11. | ग्राम पंचायत का स्टॉकसामाग्री / रजिस्टर | 06 व 01 | 34 | अपूर्ण |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12. | अंकेक्षण प्रतिवेदन/प्रतिवेदनों का रजिस्टर | 30 | 89 | संधारित नहीं |
| 13. | e-ग्राम swaraaj संधारित रोकड़बहियाँ | - | - | अपूर्ण |

ग्राम पंचायत द्वारा उक्त वर्णित अधिकतर अभिलेखों को संधारित न करना व कुच्छ का अपूर्ण पाया जाना नियमानुसार अनुचित है। उक्त अभिलेखों का संधारण न किया जाना संदिग्ध व आपत्तिजनक है। अभिलेख विशेषकर बिल रजिस्टर, स्टोर/स्टॉक रजिस्टर व मासिक बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना न केवल प्रक्रियात्मक चूक है अपितु इनके अभाव में किसी वित्तीय अनियमिता की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है। अतः मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**11. भौतिक सत्यापन (Physical Verification) न करवाने बारे।**

